पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ▪ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ▪ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

"व्यक्ति अपने विचारों से निर्मित प्राणी है वह जो सोचता वही बन जाता है। -महात्मा गांधी

▪ वर्ष : 34 ▪ अंक : 84 ▪ मूल्य : रु. 2.00 ▪ पृष्ठ : 08 जयपुर, सोमवार, 23 सितम्बर, 2024 ऑनलाइन पढ़े : epaper.seemasandesh.in

नामदेव छीपा डांडिया... 8

जयपुर, टोंक, भीलवाड़ा, जोधपुर सन्देश

आयोजन सीएसआईआर-सीरी में 72वें स्थापना दिवस वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 का विमोचन किया गया व सहकर्मियों को सम्मानित किया

केवल सीएसआईआर प्रयोगशालाएं ही कर सकती हैं देश के समक्ष खड़ी चुनौतियों का समाधान

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन सेवारत वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की पिलानी, राजस्थान स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी) के 72वें स्थापना दिवस का आयोजन, 21 सितंबर को किया गया।इस अवसर पर प्रोफेसर चंद्रभास नारायण, निदेशक, आरजीसीबी मुख्य अतिथि थे। डॉ कन्नन श्रीनिवासन, निदेशक, सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई, भावनगर एवं डॉ जबीर अहमद, निदेशक, सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। आयोजन की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने की। संस्थान के पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों के अलावा संस्थान के पूर्व निदेशक प्रोफ़ेसर चंद्रशेखर शर्मा, व पिलानी के गण मान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ परम्परागत रूप से अतिथियों द्वारा दीप प्रज?वलन के साथ किया गया।इस अवसर पर मुख?य अतिथि प्रोफेसर चंद्रभास नारायण ने संस्थान के सहकर्मियों एवं सभी उपस्थित गणमान्य जनों को 72वें सीरी स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। अपने स्थापना दिवस उद्बोधन में उन्होंने देश के औद्योगिक, कृषि एवं वैज्ञानिक विकास पर प्रकाश डालते हुए सीरी संस्थान द्वारा कोर इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ अन्य विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे शोध कार्यों की सराहना की। उन्होंने सीरी और आरजीसीबी के शोध सहयोग की संभावनाओं की चर्चा करते हुए संस्थान के वैज्ञानिकों को इस नवीन शोध यात्रा का सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया सीएसआईआर प्रयोगशालाओं की शोध विविधताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश के समक्ष खड़ी चुनौतियों का समाधान केवल सीएसआईआर प्रयोगशालाएँ ही कर सकती हैं, आईआईटी जैसे शीर्ष शिक्षण या शोध संस्थान नहीं। उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि वे अपने नवाचारों से देश को लाभान्वित करें।अंत में उन्होंने सीरी के निदेशक व सभी कर्मचारियों को स्थापना दिवस की शुभकामना दी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ श्री निवासन व डॉ जबीर अहमद ने उन्हें इस कार्यक्रम में

आमंत्रित करने के लिए सीएसआईआर-सीरी पिलानी के निदेशक डॉ पंचारिया के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने डॉ पंचारिया के नेतृत्व में सीएसआईआर-सीरी में चल रहे शोध कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने अपने संस्थानों की शोध गतिविधियों से अवगत कराया तथा सीरी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सीरी परिवार के सभी साथियों को स्थापना दिवस की शुभकामना दी। इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि सहित सभागार में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया।उन्होंने संस्थान की विगत वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों व पूर्ण की गई परियोजनाओं सहित वर्तमान में जारी शोध परियोजनाओं की जानकारी दी और भविष्य की योजनाओं का रोडमैप प्रस्तुत किया।